NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 109/NCRES/20 Date :26.5.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– हेडक्वाटर स्तर पर दिनांक 25/26 फरवरी 2020 के PNM बैठक में लिये गये निर्णयो के क्रियान्वयन के लिये आदेश जारी किया जाना।

महोदय,

NCRES के साथ सम्पन्न दिनांक 25/26 फरवरी 2020 के PNM बैठक में निम्नलिखित मदो पर चर्चा के उपरान्त लिये गये निर्णय का मिनट्स भी कार्मिक विभाग ने दिनांक 4.3.2020 को जारी कर दिया है लेकिन ज्ञात हुआ है कि बैठक में हुये निर्णयो के क्रियान्वयन के लिये प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक द्वारा अभी तक मण्डलो को निर्देश जारी नही किया गया है।

अतः अनुरोध है कि निम्नलिखित मदो पर हुये निर्णयों के क्रियान्वयन के लिये जारी आदेश में NCRES के मद सं0 का जिक्र कर उसकी प्रति NCRES को दी जाय।

	(1)	(2)	(3)	(4)
क्र. स.	पी.एन.एम. मद	अधिकारी /विभाग	मद	प्रशासनिक टिप्पणी
1.	2/7/2017	PCCM	नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के टिकट चेकिंग स्टाफ हेतु रेस्ट रूमो में कुकिंग सुविधा एवं रहने की अच्छी सुविधा प्रदान करना।	कुकिंग जैसी सुविधाओं का उपभोग करने के लिये बेस किचन एवं स्टाफ मैनेजमेंट की आवश्यकता पड़ेगी जो कि एक नीतिगत मामला है।
	NCRES की टिप्पणी – रेलवे बोर्ड ने टिकट चेकिंग स्टाफ के रेस्ट रूमो में कुकिंग सुविधा मुहैया कराने का आदेश कर अपनी स्पष्ट नीति की घोषणा कर दिया है। जोनल रेलवे द्वारा रेलवे बोर्ड के निर्देशो के क्रियान्वयन के लिये रूपरेखा तैयार कर मण्डलो को निर्देश दिया जाना है। यदि इस मद के सम्बन्ध में मण्डलो को कोई दिशा–निर्देश जारी किया गया हो तो उसकी प्रति **NCRES** को दी जाय।			

	(1)	(2)	(3)	(4)
2.	7/11/2018	PCCM	नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में कार्यरत कामर्शियल क्लर्कों को ड्यिूटी के बीच मं 15 मिनट का ब्रेक देने हेतु।	PCCM द्वारा प्रस्ताव आने पर कार्यवाही की जायेगी।
	NCRES की टिप्पणी — दिनांक 25.2.2020 को प्रारम्भिक भाषण में महिला प्रतिनिधि द्वारा यहं मुद्दा उठाने पर महाप्रबंधक महोदय ने कहा था कि लंच के लिये 15 मिनट का ब्रेक मिलेगा। PCCM द्वारा दिनांक 26.2.2020 की PNM बैठक में निर्णय दिया गया कि कामर्शियल क्लर्क को ड्यूटी में भोजन के लिये 15 मिनट का ब्रेक दिया जायेगा लेकिन आदेश जारी नही हुआ। इस सम्बन्ध में कृपया आदेश जारी कर प्रति NCRES को दी जाय।			
3.	10/11/2018	PCCM	नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के टी.टी. रेस्ट रूमो को एयर कंडीशन (AC) करने के सम्बन्ध में।	उपरोक्त विषय पर अनुस्मारक पत्र जारी किया जायेगा। इसकी प्रति NCRES को दी जायेगी।
	NCRES की टिप्पणी — अनुस्मारक पत्र की प्रति NCRES को प्राप्त नही हुआ है, कृपया पत्र की प्रति दी जाय।			

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि :– प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज